2 फरीदाबाद
विकास कराने वाली चार एजेंसियों के बावजूद रहता है हादसों का इंतजार

6 अभिमत
समावेशी विकास पर केन्द्रित बजट

9 देश-विदेश
राहुल के खिलाफ भाजपा सांसद ने दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

11 शिक्षा
स्नातक के बाद डिजिटल मार्केटिंग में बनाएं कॅरियर

RNI NO. HARHIN/2018/7510

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



आस्ट्रेलिया के लिए भारत के पास स्पिन का ब्रह्मास्त्र
पेज - 12

# कॉलेज में कैरियर परामर्श सत्र का किया आयोजन



परामर्श सत्र में विद्यार्थियों को जानकारी देते मुख्य वक्ता।

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में उद्यमिता एवं आत्मनिर्भरता पर एक कैरियर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। सत्र की शुरुवात प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के भाषण से हुई। उन्होंने बताया महाविद्यालय में एसडीजी क्लब की स्थापना 2022 में की गई थी। जिसमें समय–समय पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए द्य उन्होंने बताया उद्यमिता के माध्यम से केवल पैसा ही नहीं कमाया जा सकता बल्कि ख्याति कमाई जा सकती है। उन्होंने विल और गुडविल के अंतर को बताते हुए उनकी महत्वता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विल के द्वारा कैसे गुडविल कमाई जा सकती है और हर किसी को गुडविल कमा कर समाज के लिए काम करना चाहिए। इस सत्र के मुख्य वक्ता श्री अनित गुप्ता निदेशक (एआरसी गुरुग्राम) ने अपना व्याख्यान रोचक और आकर्षक तरीके से विद्यार्थियों के साथ से साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके सपने, उनके उद्देश्य और उनकी रूचि आदि के बारे में पूछा जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक उद्यमिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ अगर काम किया जाएगा तो वह अवश्य सफल होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को समस्या नहीं समाधान के बारे में सोचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महाविद्यालय में एआरसी फाउंडेशन द्वारा जो सर्टिफिकेट कोर्स, महाविद्यालय में शुरू किया जा रहा है जिसका विषय 'सामाजिक उद्यमिता' के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया। इस कोर्स में 40 विद्यार्थियों को सामाजिक उद्यमिता और समाज कल्याण के कार्य करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने पिच डेक के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने एक अच्छे उद्यमी के गुणों के बारे में भी बताया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मनोज शुक्ला (समन्वयक) द्वारा किया गया। इस वार्ता में 135 विद्यार्थियों ने भाग लेकर ज्ञान वर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. के.एल. कौशिक, रविंद्र जैन, डॉ. संजीव, डॉ. अशोक कुमार निराला, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. रितु, डॉ. शोभना गोयल, डॉ. गीता गुप्ता डॉ. डिंपल, सुभाष तथा अन्य प्रवक्तागण उपस्थित थे।